हनुमान जयंती पर श्रीराम मंदिर से निकली शोभायात्रा

▶ जय श्रीराम, जय बजरंगबली के जयघोष से गूंज उठा पूरा वातावरण, मंदिरों में लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

शहपुरा नवभारत 12 अप्रैल। श्री हनुमान जन्मोत्सव जिले की शहपुरा नगर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर दिन भर हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जिले में कई स्थानों पर कीर्तनमयी पदयात्राएं तो कई जगह शोभायात्राएं निकाली गईं। दिन भर भंडारों की धूम रही। श्री राम मंदिर शहपुरा में बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद समिति द्वारा बड़े ही धूमधाम से निकलने वाली पदयात्रा निकाली गई। हनुमान जन्मोत्सव के चलते जय श्रीराम, जय बजरंगबली के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा।

श्री बजरंगबली के मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। हनुमान भक्तों ने भजनों पर थिरकते हुए वाहनों पर सजी झांकियों के साथ पदयात्रा निकाली। पदयात्रा का समापन संकट मोचन हनुमान मंदिर में हुआ। भक्तों ने बजरंगबली की पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की और प्रसाद वितरित किया। श्रीराम मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान मंदिर से श्रद्धालुओं ने बाइकों के साथ शोभायात्रा निकाली।

जगह जगह हुआ भंडारा

हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के अनेक हनुमान मंदिरों सहित धार्मिक स्थानों पर भक्तों ने विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुभक्तों सहित माताओं बहिनों ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की। नगर के उमरिया मार्ग तिराहा में समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं पुलिस थाना स्थित हनुमान मंदिर, शारदा टेकरी मन्दिर स्थित हनुमान मंदिर में भी भंडारा हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की। शहपुरा नगर के हनुमानजी की मड़िया में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शहपुरा नगर के बाजार चौक स्थित श्री राम मंदिर में बजरंग दल समिति की ओर से भंडारा आयोजित हुआ, जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की।

नर्मदांचल विद्यापीठ में मनाया हनुमान जन्मोत्सव

जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल द्वारा संचालित नर्मदांचल विद्यापीठ में भी इस बार भी हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरनारायण छात्रावास के संरक्षक महेंद्र अरजरिया रहे। विद्यापीठ के सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राओं द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ कर आरती वंदन की गई एवं बच्चों द्वारा मनमोहक भजन सुनाए गये। कार्यक्रम के अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमें हनुमान से हमें सीखना चाहिए कि किस तरह से वे प्रतिकूल परिस्थिति को अनुकूल परिस्थिति में बदल देते हैं। छोटी-छोटी सीख से हम लोगों को बहुत बदलाव देखने को मिलता है। विद्यापीठ के शिक्षकों ने भी भजन के माध्यम से प्रस्तुति दी। विद्यापीठ में आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक शिक्षा एवं संस्कारवान शिक्षा बच्चों को प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रभारी भावना साहू एवं समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

उमरिया में हनुमान जन्मोत्सव पर हुए धार्मिक

उमरिया। जिले के नौरोजाबाद क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिरो जैसे हनुमान टेक, बाजरपूरा, एवं थाना परिसर नौरोजाबाद में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भक्त अंजनी पुत्र का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मान्यता के अनुसार संकट मोचन हनुमान जी चारो युगो से पृथ्वी पर है शास्त्रों के अनुसार हनुमान चिरंजीवी है। शास्त्रों के अनुसार ऐसी मान्यता है कि आज के दिन मदार के पत्तों में राम राम लिख कर हनुमान को चढ़ाया जाता है तो वे प्रसन्न होते हैं, वहीं क्षेत्र में शनिवार सुबह से हनुमान मंदिरों को फूल मालाओं से सजाया गया, तथा कहीं अखंड रामायण का आयोजन किया गया। कई मंदिरों में सुंदर कांड के परायण का आयोजन किया गया, तो कहीं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इन आयोजनों के बाद क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में हवन पूजन का कार्यक्रम भी वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ, तत्पश्चात प्रत्येक मंदिरों में कन्या भोजन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने हनुमान जयंती पर मंदिरों में टेका मत्था

उमरिया। भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया के अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल शुक्रवार को गांव और बस्ती चलो अभियान के तहत चंदिया मंडल के ग्राम पथरहठा और अमरपुर मंडल के कई गांव का दौरा किया है। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने भारतीय जनता पार्टी के बूथ समिति व शक्ति केंद्र प्रभारी सहित ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन के आगामी कार्यक्रमों सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी ली है। शनिवार को हनुमान जयंती के दिन भाजपा जिलाध्यक्ष अपने कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न हनुमान मंदिरों में पहुंचकर पूरे भक्ति भाव से मत्था टेका और भगवान श्री हनुमान से जिले सहित देश-प्रदेश में खुशहाली की कामना की है। दरअसल भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के द्वारा प्रदेश में 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस मनाए जाने के साथ 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर 13 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर डॉ अंबेडकर की प्रतिमा की साफ सफाई कर शाम को दीपोत्सव मनाये जाने का निर्णय लिया गया था।

वन नेशन वन इलेक्शन की जानकारी दी जा रही

इसी तारतम्य में उमरिया जिले में भी लगातार गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपा के जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता गावों, मोहल्लों और सेवा बस्तियों का दौरा किया है। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता के द्वारा मंदिर, अस्पताल, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत कार्यालय आदि स्थानों पर जाकर स्वच्छता अभियान, जनसंवाद, वन नेशन वन इलेक्शन और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा

नवभारत,हटा 12 अप्रैल. हनुमान जन्मोत्सव पर्व पर जगह-जगह धार्मिक आयोजन और भंडारों का क्रम जारी रहा। इसी कड़ी में हटा ब्लॉक के ग्राम बंधा में ग्रामवासियों द्वारा गाजे बाजे और जय श्री राम के जयकारों के साथ ग्राम में शोभायात्रा निकाली गई, जहां स्थानीय लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर ग्राम के मुख्य मार्गो से होते हुए हनुमान मंदिर में ही शोभायात्रा का समापन हुआ। जहां ग्रामीणो द्वारा शोभायात्रा का जगह जगह रोली तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया गया। शोभायात्रा के समापन के पश्चात हनुमान मंदिर में सुंदरकांड के आयोजन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

वाहन की टक्कर से युवक की मौत

नवभारत,तेंदूखेडा 12 अप्रैल. शुक्रवार रात्रि एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई. जानकारी के अनुसार युवक सट्टा खेलने का आदि था. शुक्रवार को हल्ले पाल पिता स्व. उत्तम पाल उम्र 35 वर्ष ने सट्टे में पैसा जीता था और उस पैसे से शराब पीकर घर गया. इसके बाद वह खेत जाने निकला तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई. कुछ लोगों ने बताया कि वह सट्टे में करीब 7-8 सौ रुपए जीता था और खुशी में शराब पीकर पैदल जा रहा था. पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर पंचनामा कर पीएम करने के बाद शव को परिजनों के सुपर्द कर मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

गांव-गांव में अलख जगाने जुटी युवा टीम

▶ दीवारों पर चित्र व नारे लिख जल संरक्षण के प्रति कर रहे जागरूक

उमरिया नवभारत 12 अप्रैल। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचे जल संरक्षण के प्रति अलख जगाने में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में युवाओं की टोली के द्वारा ग्राम पंचायत गिंजरी, बरबसपुर, पिपरिया के आम नागरिकों को जल को सहेजने, जल के प्रति अपनी आवश्यकता और जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्राम में दीवारों पर सुंदर सचित्र दीवार लेखन के माध्यम से जल के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया गया तथा जल का सदुपयोग करें एवं उसे व्यर्थ न जाने दें, जल ही जीवन है तथा जल के बिना जीवन संभव नही है। हिमांशु तिवारी ने अपने वक्तव्य में जल संकट की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।जल संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का कर्तव्य है। यदि हम अभी से जल बचाने का संकल्प लें, तो भविष्य में जल संकट से बचा जा सकता है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

ग्रामीणों को दिलाई शपथ

इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को जलयोद्धा बनने की शपथ दिलाई। ग्रामीणों ने भी लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस दौरान जल मित्र हिमांशु तिवारी, जल मित्र खुशी सेन, सुहाना महोबिया,ग्रामीण रौनक कोल, मनीष बैगा व सभी उपस्थित रहे।

डॉ. अंबेडकर के नाम से बना प्रदेश का 25वां अभयारण्य

उमरिया नवभारत 12 अप्रैल। राज्य शासन ने सागर जिले के 258.64 वर्ग किलोमीटर आरक्षित वन क्षेत्र को मध्यप्रदेश का 25वां अभयारण्य घोषित करने की अधिसूचना जारी कर दी है। यह अभयारण्य डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से जाना जायेगा। अभयारण्य के गठन से वन एवं वन्य-प्राणियों का संरक्षण एवं संवर्धन होगा। साथ ही पारिस्थितिकीय तंत्र में खाद्य श्रृंखला सुदृढ़ होगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित होंगे। डॉ. भीमराव अंबेडकर अभयारण्य सागर जिले के उत्तर सागर वन मण्डल तहसील बंडा एवं शाहगढ़ वन क्षेत्र के 25864 हेक्टेयर (258.64 वर्ग किलोमीटर) आरक्षित वन क्षेत्र की सीमा होगी।

बाघ के हमले में 14 वर्षीय बालक की मौत

बांधवगढ, उमरिया नवभारत 12 अप्रैल। जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लगे पिपरिया गांव में शनिवार की सुबह महुआ बीनने गए 14 वर्षीय बालक को झाड़ियों में छिपे बाघ ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद फॉरेस्ट अमला और स्थानीय लोगों की मदद से खोजबीन के बादएक नाले के पास से बालक का शव बरामद किया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक पिपरिया गांव निवासी विजय कोल पिता अर्जुन उम्र 14 वर्ष गांव के साथियों के साथ शनिवार की सुबह गांव के नजदीक जंगल की ओर महुआ बीनने गया था, जहां झाड़ियों में छिपे बाघ ने उस पर हमला कर दिया। इसके बाद बाघ बालक को अपना निवाला बनाने जबड़े में दबोच कर जंगल की ओर ले गया। घटना की जानकारी के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और फॉरेस्ट अमले को घटना की जानकारी दी गई। इसके बाद स्थानीय लोग और वन विभाग की टीम द्वारा बालक की आसपास तलाश की गई। काफी खोजबीन के बाद बालक का लहूलुहान शव एक नाले के पास से बरामद किया गया है।

महुआ बीनने गया था बालक

दरअसल इस समय महुआ के बीनने का सीजन है, जिसके कारण ग्रामीण गांव से लगे जंगल की ओर जाते हैं। इस दौरान बाघ या अन्य हिंसक जंगली जानवर भी मौजूद रहते है। इस दौरान अक्सर हिंसक जानवरों द्वारा मनुष्यों पर हमले की घटनाएं सामने आती रहती हैं। 14 वर्षीय बालक भी अपने साथियों के साथ महुआ बीनने गया था और हादसे का शिकार हो गया।

एक नजर में

जंगल में रहने वाले युवक की भूख-प्यास से हुई मौत

नवभारत,तेंदूखेड़ा 12 अप्रैल। तारादेही थाना क्षेत्र के अंतर्गत रमपुरा ग्राम के बाहर जंगल में भागवल पिता रमचंदी उम्र 32 निवासी ग्राम मडखेड़ा जागीर थाना सुरखी जिला सागर का शव मिला है. बताया जा रहा है कि युवक की मौत भूख और प्यास के कारण हुई. युवक कई दिनों तक खाना नहीं खाता था, साथ ही अधिक गांजा पीता था, जिससे उसकी मौत हुई है. तारादेही पुलिस को शुक्रवार की शाम सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद मौके पर थाना प्रभारी राजीव पुरोहित सहित पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम कराया. तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने बताया कि रमपुरा ग्राम में जनवरी में आदिवासी समाज का एक कार्यक्रम हुआ था. इसमें यह युवक यहां पर आया था और गांव के बाहर जंगल में खेरमाता मंदिर के पास रहता था. जानकारी के अनुसार यह युवक 8 दिन तक खाना नहीं खाता था, लेकिन गांजा पीने का आदि था. बताया जाता है कि डीहाइड्रेशन के कारण उसकी मौत हो गई.

नव विवाहिता फांसी पर झूली

नवभारत,पथरिया 12 अप्रैल. जिले के पथरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत जेरठ चौकी के समीप पुरा पायरा निवासी मनोज पटेल की नवविवाहिता पत्नी रेखा उम्र करीब 23 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. जानकारी के अनुसार पति मनोज पटेल ने बताया कि जैसे ही पत्नी ने फांसी लगाई, उसे फंदे से उतारकर तत्काल अस्पताल लेकर गए. डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. शनिवार सुबह जेरठ चौकी प्रभारी एएसआई गोपाल सिंह ठाकुर, आरक्षक गोविंद ने पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कार्रवाई कर शव परिजनों के सुपुर्द किया. बता दे कि पंचनामा कार्रवाई करते समय गुस्साए परिजनों ने पति पर आरोप लगाते हुए मारपीट की. इस दौरान मौजूद पुलिस और स्थानीय लोगों ने मृतका के पति मनोज पटेल को बचाव किया और उसे सुरक्षित स्थान पर ले गए.

चोट से 7 वर्षीय बालक की मौत

नवभारत,हटा 12 अप्रैक्ल. चोट लगने के कारण गंभीर हालत में 7 वर्षीय बालक को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने बताया कि मृतक हरेंद्र पिता चंदन सिंह लोधी उम्र 7 वर्ष निवासी भटिया थाना हटा की मौत हो जाने की जांच की जा रही है.

कूलर,पंखे, पीने के ठंडे पानी, बाथरूम की नहीं है व्यवस्था

तहसीली कार्यालय के प्रथम तल की जा रही खाना पूर्ति

जबलपुर। ई ऑफिस के तहत् दिए जा रहे कर्मचारियों के प्रशिक्षण में भारी कमियां दिखाई दे रही हैं,बिना कंप्यूटर के प्रशिक्षण दिया रहा है, जितने कंप्यूटर है उससे अधिक कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया है। इससे कर्मचारियों के प्रशिक्षण की फीस तो संबंधित विभागों से मिल जाएगी लेकिन कर्मचारियों को ज्ञान प्राप्त नहीं होगा। यह मात्र खाना पूर्ति की तरह किया जा रहा है। विभागों से जिस संख्या में कर्मचारी बुलाए गए है उस संख्या में व्यवस्थाएं नहीं है। प्रशिक्षण स्थल जबलपुर तहसीली कार्यालय के प्रथम तल के हाल में पर्याप्त बैठने की भी व्यवस्था नहीं है, भर गर्मी में कुछ पंखे चल रहे है, कूलर , ए सी या ठंडे पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है, आज दिन के 12ः58 अपराह्न दिए जा रहे प्रशिक्षण में कर्मचारी /महिला कर्मचारी भारी परेशान रहीं,जब तक कर्मचारियों को प्रैक्टिकल रूप से नहीं बताया जाएगा तब तक ई ऑफिस प्रणाली पर प्रश्न उठते रहेंगे। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक अटल उपाध्याय, देवेन्द्र पचौरी,अलोक अग्निहोत्री, नरेश शुक्ला, रजनीश पाडेय, के. जी. पाठक, अजय सिंह ठाकुर, योगेंद्र मिश्रा , राजू मस्के, अरुण पटेल, शैलेष गौतम, रामदास बरकडे, सतीष उपाध्याय ने मांग प्रशिक्षल स्थल में उपस्थित समस्त कर्मचारियों को कंप्यूटर उपलब्ध कराने के साथ बैठने, कूलर, ए .सी., या पंखों के साथ पीने के ठंडे पानी , बाथरूम की व्यवस्था करने की मांग की है।

गांजा का अवैध कारोबार करते 2 गिरफ्तार

अनूपपुर, नवभारत 12 अप्रैल। मादक पदार्थ गांजा का अवैध तरीके से बिक्री हेतु रखे जाने पर कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ते हुए उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। मामले की जानकारी देते हुए कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन ने बताया कि शुक्रवार की सुबह 8 बजे पुलिस टीम द्वारा सुनीता बाई पति रामभजन कोरी उम्र 62 वर्ष निवासी वार्ड 15 पुरानी बस्ती अनूपपुर के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा 2.220 किलोग्राम गांजा कीमती 22 हजार 200 रूपये जब्त तथा दूसरे मामले में मुकुन्दलाल सोनी उर्फ कुन्दू पिता बाबूलाल सोनी उम्र 59 वर्ष निवासी वार्ड 10 सोनी मोहल्ला पुरानी बस्ती अनूपपुर के कब्जे से गांजा 1.270 किलोग्राम कीमती 12 हजार 700 रूपये जब्त किया।

रेत का अवैध परिवहन, ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

अनूपपुर, नवभारत । जैतहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चोलना स्थित सोन नदी आमाघाट से पुलिस ने रेत का अवैध उत्खनन कर ट्रैक्टर से परिवहन किये जाने की सूचना पुलिस ने बिना नंबर के ट्रैक्टर को जब्त करते हुए चालक व मालिक उमाशंकर केवट पिता रतीराम केवट उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम चोलना के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस ,4/21 खान खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। मामले की जानकारी देते हुए जैतहरी थाना प्रभारी अमर वर्मा ने बताया कि 12 अप्रैल को मुखविर से सूचना मिली की सोन नदी के आमाघाट ग्राम चोलना मे बिना नंबर की ट्रैक्टमर में अवैध तरीके से रेत लोड़ कर परिवहन किया जा रहा है। जहां सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर रोकते हुए ट्रैक्टजर चालक से वाहन में लोड़ रेत से संबंधित दस्ता वेज की मांग की गई। जहां चालक ने मौके पर किसी तरह का दस्तावेज नहीं दिखाया गया।

कोतमा पुलिस ने बिहार से पकड़ा, कोल्ड ड्रिंक कंपनी कैम्पा कोला की एजेंसी दिलाने के नाम पर की ठगी

ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले गिरफ्तार

अनूपपुर, नवभारत 12 अप्रैल। कोल्ड ड्रिंक कंपनी कैम्पा कोला की एजेंसी दिलाने के नाम पर कोतमा के एक शख्स के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। कोतमा पुलिस ने साइबर सेल की सहायता से धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को बिहार से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

कोतमा थाना में फरियादी रूपेश जैन पिता राजेन्द्र जैन उम्र 39 वर्ष निवासी वार्ड नं 2 बैरियर रोड कोतमा ने लिखित आवेदन में शिकायत की कि उसे कैम्पा कोला कोल्ड ड्रिंक कम्पनी की एजेंसी लेने के लिए गूगल एप में सर्च किया, जिसमें कैम्पा कोला कोल्ड ड्रिंक कम्पनी के साइट में एक मोबाइल नंबर मिला, जिसमें फोन कर जानकारी ली गई तो एक ईमेल एड्रेस भेजा गया तथा कैम्पा कोला कोल्ड ड्रिंक कम्पनी से सर्वे हेतु अधिकारी भेजने की बात कही गई। उक्त ईमेल एड्रेस में फार्म भरकर भेजा गया तब कोड जनरेट व सिक्योरिटी मनी के रूप में 82 हजार 10 रूपये की मांग अज्ञात व्यक्ति द्वारा की गई। उसके बताये इंडियन ओवरसीज बैंक मुम्बई खाता नंबर में 82010 रूपये द्वारा भेज दिए गए। इसके बाद पुनः आवेदक से 5 लाख रुपये की मांग करने और अज्ञात व्यक्ति द्वारा कम्पनी के किसी भी अधिकारी को स्पॉट विजिट हेतु नहीं भेजा गया, जिससे आवेदक को शक हो गया और बैंक में जाकर पता किया तो भेजी गई राशि तत्काल दूसरे खाते में ट्रांसफर व निकासी हो गई, तब आवेदक को पता चला कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा फर्जी कैम्पा कोला कोल्ड ड्रिंक कम्पनी का अधिकारी बताकर धोखाधड़ी की गई है। थाने में रिपोर्ट करने पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अप.क्र. 144/25 धारा 319 (2) 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है।

ग्रामीणों का बैंक खाता खुलवाकर करते रहे ठगी

विवेचना दौरान पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन मे एसडीओपी कोतमा के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतमा सुन्दरेश मरावी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर सायबर सेल के माध्यम से अज्ञात आरोपी एवं खाता धारक की पतासाजी हेतु बिहार के पटना में पुलिस टीम रवाना की गई। यहां खाताधारक सोनू कुमार से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसका खाता खुलवाकर बैंक पास बुक, एटीएम कार्ड, चेक बुक सूरज कुमार पिता सुरेन्द्र कुमार यादव उम्र 19 साल एवं रविरंजन कुमार यादव पिता वीरेन्द्र कुमार यादव उम्र 21 साल, दोनों निवासी ग्राम ब्राहगवां थाना इस्लामपुर जिला नालंदा बिहार ने ले ली है।